Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 233 रायपुर, मंगलवार 15 सितंबर 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### बंगाल उपचुनावः सीएम शुभेंदु के पीए की मां को नंदीग्राम से टिकट

**नई दिल्ली, 15 सितंबर ( न्यूज चैनल )।** पश्चिम बंगाल में दो विधानसभा सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। इसमें रेजीनगर और नंदीग्राम शामिल हैं। भाजपा ने रेजिनगर से शाखारव सरकार और नंदीग्राम से हासिरानी रथ को उम्मीदवार बनाया है। हासिरानी रथ शुभेंदु अधिकारी के पीए रहे चंद्रनाथ रथ की मां हैं। बता दें कि चंद्रनाथ रथ की मई में हत्या कर दी गई थी। बता दें कि 24 परगना जिले में 6 मई की रात मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार चार राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से तीन गोलियां चंद्रनाथ के सिर में लगी थीं। 41 वर्षीय रथ मूल रूप से पूर्वी मेदिनीपुर जिले के चांदपुर के रहने वाले थे। यह वह राजनीतिक क्षेत्र था, जिसने बंगाल की राजनीति में शुभेंदु अधिकारी के उदय को आकार दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शांत स्वभाव और चर्चाओं से दूर रहने वाले रथ, वर्षों से अधिकारी के करीबी समूह का हिस्सा होने के बावजूद बड़े पैमाने पर जमीन पर काम करते रहे। सक्रिय राजनीतिक संगठनात्मक ढांचे में आने से पहले रथ ने रहरा राम कृष्ण मिशन से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद भारतीय वायुसेना में लगभग दो दशक बिताए थे।

### नवरात्रि से पहले विशेष संसद सत्र की तैयारी! सरकार ने विपक्ष से किया संपर्क

**नई दिल्ली, 15 सितंबर ( न्यूज चैनल )।** जानकारी यह है कि संसद का सत्र अभी खत्म नहीं हुआ है, और केंद्र सरकार ने विपक्षी दलों से संपर्क किया है। सरकार चाहती है कि त्योहारों का मौसम शुरू होने से पहले संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि परिसीमन से जुड़े महिला आरक्षण बिल को पास कराया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के ऑफिस ने कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से संपर्क किया है। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या 11 अक्टूबर को नवरात्रि शुरू होने से पहले यह सत्र बुलाया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि खड़गे के ऑफिस की तरफ से अभी कोई जवाब नहीं आया है। संसद के सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने (प्रोरोगेशन) में हुई असामान्य देरी के बीच यह कदम उठाया गया है, जिससे विशेष सत्र बुलाए जाने की अटकलें तेज हो गई हैं, हालांकि सरकार ने अभी तक कोई घोषणा नहीं की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने दोनों सदनों के सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने में सबसे लंबी देरी का अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले हफ्ते रिजिजू के यह कहने के बाद कि संसद परिसीमन से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा के लिए सत्र बुला सकती है, विशेष सत्र की चर्चा और तेज हो गई।




**चूहा- सुनती हो, आज प्रदेश के दो नेता मीडिया के सामने बहस के लिए रूबरू हुए।**

**चुहिया- हां जी, लेकिन यही नेता सदन में बहिर्गमन करते हैं।**

## पीएम आवास को लेकर पहली बार प्रेस क्लब में आमने-सामने भूपेश बघेल और विजय शर्मा

# अब तक 17 लाख 75 हजार आवास पूरे किए जा चुके हैंः विजय

# कांग्रेस सरकार ने 6.97 लाख आवास स्वीकृत किए थेः भूपेश

**रायपुर, 15 सितम्बर ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर चल रही सियासी बहस अब सीधे आमने-सामने की चर्चा तक पहुंच गई है। रायपुर प्रेस क्लब में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक ही मंच पर इस मुद्दे पर खुली बहस की। दोनों नेताओं ने पहले एक-दूसरे की चुनौती स्वीकार की थी, जिसके बाद आज यह डिबेट आयोजित की गई। बहस में आवासों की स्वीकृति, निर्माण और सरकारों के कामकाज के आंकड़े प्रमुख मुद्दा बने रहे। इस बीच दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी हुआ जिसमें विजय शर्मा ने भूपेश बघेल को अपना गणित सही करने कहा तो जवाब में भूपेश बघेल ने कहा कि मैं गणित का विद्यार्थी हूं।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आमने-सामने चर्चा होने से स्थिति ज्यादा स्पष्ट होती है। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में अब तक 17 लाख 75 हजार आवास पूरे किए जा चुके हैं। उनके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने देश में सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री आवास बनाए। शर्मा ने पिछली सरकार के कार्यकाल में आवास निर्माण की रफ्तार पर भी सवाल उठाए। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार 25 सितंबर 2023 को 7 लाख आवास स्वीकृत किए जिसमें से 11 लाख 75 हजार आवास पूर्ण हो गए हैं। विष्णुदेव साय सरकार ने 18 लाख आवास स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आवास निर्माण नहीं बनने के कारण तत्कालीन मंत्री टीएस सिंहदेव ने इस्तीफा दिया था।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल के दौरान स्वीकृत और पूर्ण हुए आवासों का आंकड़ा सामने रखा। उन्होंने कहा कि 2018 में 3 लाख 48 हजार 960 मकान स्वीकृत हुए थे, जिनमें 1 लाख 39 हजार पूरे हुए। 2020-21 में 1 लाख 97 हजार 811 आवासों का लक्ष्य था और 1 लाख 22 हजार आवास पूरे हुए। बघेल ने कोरोना काल की आर्थिक परिस्थितियों का भी उल्लेख किया। भूपेश बघेल ने कहा कि 2022-23 में पोर्टल बंद होने के बाद उनकी सरकार ने केंद्र से राज्य का पैसा मांगा था। उन्होंने दावा किया कि 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य में 18 लाख आवास बाकी थे और कांग्रेस सरकार ने इनमें से 6 लाख 97 हजार आवास स्वीकृत किए। भूपेश बघेल ने आंकड़े बताते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिहं चौहान ने 3 लाख 65 हजार स्वीकृत किए हैं। 13 मई 2025 को 3 लाख 700 आवास स्वीकृत किए। 11 सितंबर 2026 को 3 लाख 65 हजार आवास स्वीकृत किए। केन्द्र सरकार कोरोना काल में राज्यों को वेतन नहीं दे पा रहे थे। केंद्र ने पीएम आवास के लिए पोर्टल बंद किया था। इसलिए कोरोना काल में हमने स्वीकृति नहीं दी थी।



**मैं गणित का विद्यार्थी हूं : भूपेश बघेल** | **आरोप प्रत्यारोप** | **अपना गणित सही करें : विजय शर्मा**

### पीएम आवास पर बहस के बाद पोस्टर वार शुरू

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास को लेकर आज रायपुर प्रेस क्लब में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम विजय बघेल के बीच खुली डिबेट हुई। इस दौरान आकड़े को लेकर दोनों नेताओं के बीच जमकर बहस हुई। डिबेट के बाद भाजपा-कांग्रेस के बीच सोशल मीडिया पर वार-पलटवार शुरू हो गया है। भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा है कि अगली बार किसी समझदार को भेजना। 'छोटा रिचार्ज' रील के लिए ही ठीक है। वहीं भाजपा ने पोस्टर जारी कर लिखा है कि हवाबाजी का हुआ बंटाधार, भ्रम का गुब्बारा फूटा सही आंकड़ों के साथ। इसके अलावा भाजपा ने एक और पोस्टर जारी कर लिखा है - तुम्हारी इनकमिंग भी जनता ने बंद कर दी है मिस्टर एटीएम, अगली बार राहुल गांधी को भेजना। बता दें कि दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर एक-दूसरे की चुनौती स्वीकार की थी। इसके बाद आज ओपन डिबेट तय की गई और रायपुर प्रेस क्लब में दोनों नेता कार्यक्रम पहुंचे थे, जहां इस मुद्दे पर बहस हुई।

**इधर, बहस से पहले प्रेस क्लब के बाहर भिड़े बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ताः** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के आंकड़ों को लेकर चल रही सियासी तकरार अब आमने-सामने की बहस तक पहुंच गई है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच बहस से पहले रायपुर प्रेस क्लब के बाहर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में कहासुनी हो गई।

## सीजीपीएससी भर्ती घोटालाः पूर्व सीएम के ओएसडी रहे बोरघरिया के खाते में जमा मिले 66.64 लाख रुपए

**रायपुर, 15 सितंबर ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) भर्ती परीक्षा घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दावा है कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में तैनात अतिरिक्त कलेक्टर और पूर्व मुख्यमंत्री के तत्कालीन ओएसडी चेतन बोरघरिया के बैंक खाते में 170 लेन-देन के जरिये 66.64 लाख रुपये नकद जमा किए गए थे। जांच के अनुसार, सीजीपीएससी की राज्य सेवा परीक्षा 2021 के दौरान उत्कर्ष चंद्राकर, अनिल चंद्राकर और डॉ. विकास चंद्राकर ने अभ्यर्थियों को पास कराने और प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर तीन करोड़ रुपये से अधिक की अवैध राशि जुटाई। इस काम के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात ओएसडी चेतन बोरघरिया के नाम और प्रभाव का इस्तेमाल किया गया। जब्त डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच में चेतन बोरघरिया और उत्कर्ष चंद्राकर के बीच वित्तीय लेन-देन, भुगतान की मांग और रकम वापसी से जुड़ी बातचीत सामने आई है। इसके अलावा मेसर्स फिगरकेव ई-कॉम (ओपीसी) प्रा. लि. के जरिये रकम को घुमाने और उसकी परतबंदी करने का भी संदेह है।

## व्यापारियों में हड़कंप जीएसटी टीम के एक्शन से, 6 ठिकानों पर दबिश

**बिलासपुर, 15 सितंबर ( हाईवे चैनल )।** जीएसटी की स्टेट टीम ने बिलासपुर और मुंगेली के 6 व्यापारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। इसमें मुंगेली के तीन होटलों के साथ ही व्यापार विहार के तीन व्यापारी शामिल हैं। इसमें व्यापार विहार के तीन व्यापारी जिसमें गुटखा, ड्राइफुटस और तेल व्यापारी शामिल हैं पर कार्रवाई अंतिम दौर में हैं, जबकि मुंगेली के बावा होटल पर 60 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाने के साथ ही टैक्स संबंधी कार्रवाई की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, जीएसटी की चोरी सिद्ध होने पर पूरे जुर्माने की राशि की वसूली कर ली गई है और यह राशि सरकारी खजाने में जमा भी करवा दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक राज्य भर में स्टेट जीएसटी और सेंट्रल जीएसटी विभाग द्वारा टैक्स चोरी, बोगस बिलिंग और ई-वे बिल में गड़बड़ी को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत जांच में बात सामने आई कि मुंगेली के कुछ होटलों और रेस्टोरेंट में टैक्स चोरी की जा रही है। इसमें कच्चे बिल काटकर कथित तौर पर टैक्स बचाने की शिकायतों के बाद विभाग ने कई प्रतिष्ठानों पर जांच और कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मुंगेली के बलानी चौक स्थित मोनिका ज्वेलर्स, पड़ाव चौक स्थित दिनेश ज्वेलर्स और धरमपुरा मेन रोड स्थित नुक्कड़ ढाबे में जांच की गई।

छत्तीसगढ़ राज्य कर विभाग संदिग्ध फर्मों और ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ कड़े कदम उठा रहा है। हेवी ट्रांसपोर्ट कंपनियों और उनसे जुड़ी संदिग्ध गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई की जा रही है। बिना वैध ई-वे बिल और फर्जी इनवॉइस के जरिए माल परिवहन करने वाले सिंडिकेट विभाग के निशाने पर हैं। जीएसटी विभाग ने तीन वित्तीय वर्षों के रिटर्न की जांच कर 115 से अधिक बोगस डीलरों और फर्जी शेल कंपनियों को चिन्हित कर उनके ठिकानों पर दबिश दी है। ये फर्में कागजों पर करोड़ों रुपयों का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट ट्रांसफर कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचा रही थीं। इन छापों के दौरान जीएसटी की टीमें व्यवसायियों के स्टॉक, कंप्यूटर डेटा, खरीद-बिक्री के बिल और ट्रांजैक्शन हिस्ट्री को जब्त कर वित्तीय अनियमितताओं की गहन जांच कर रही हैं।

नुक्कड़ ढाबा पर विभाग द्वारा 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। यहां शिकायत के आधार पर हुई जांच में कच्चे बिल से जुड़े मामले सामने आने की बात कही जा रही है। विभाग के अनुसार संबंधित फर्म की ओर से बिल जारी किए जाने की बात स्वीकार की गई है।

## जान जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे लोग पानी के ओव्हर फ्लो के बीच कर रहे पुल-पुलिया पार



*धमतरी, 15 सितम्बर ( हाईवे चैनल )। जिले में भारी बारिश के चलते प्रशाशन लगातार लोगों से यह अपील कर रहा है कि लोग पानी वाले स्थानों से दूर रहे बावजूद ऐसी तस्वीरें सामने आ रही है जो कि काफी चौंकाने वाली है बता दे कि सोमवार को मगरलोड के मेघा एनिकट से एक ऐसी ही डराने वाली तस्वीर सामने आई है जिसमे एक युवक पैदल ही एनिकट को पार करता हुआ नजर आया जबकि एनीकट में पानी चल रहा था लोगो ने बताया कि वह कुरूद की ओर से आ रहा था हालांकि फिर बाद में वह वापस भी लौट गया था जिसके पश्चात पुलिस ने एनिकट मार्ग को बंद कर वहां पुलिस के जवान तैनात किय गए है विदित हो कि जिले में पानी में डूबने और लापता होने की खबरें लगातार सामने आ रही प्रशासन भी लोगो से लगातार अपील कर रहा है फिर भी कुछ लोग जोखिम उठाने से बाज नहीं आ रहे है जबकि उनकी यह हरकत उनके लिए घातक भी साबित हो सकती है।*

## सनकी प्रेमी ने प्रेमिका को जिंदा जलाकर मार डाला चीखती, पुकारती, तड़पती सड़क पर दौड़ती रही प्रेमिका

**रायपुर, 15 सितंबर ( हाईवे चैनल )।** राजधानी रायपुर के माना एयरपोर्ट क्षेत्र में घटे घटना ने पवित्र प्रेम को कलंकित किया है, समाज को झकझोर दिया है, मानवता को शर्मसार किया है। सनकी प्रेमी के एक अंधा प्रेम ने उस हर रिश्ते को मार डाला, जिसमें प्रेम को सबसे ऊपर रखा गया है। घटना में सामने आई क्रूरता ने दर्दनाक मौत की हदें पार कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब साढ़े 9 से 10 बजे के बीच माना बस्ती से बरौंदा जाने वाली सड़क पर एटीसी बिल्डिंग के पीछे ग्रामीणों और राहगीरों ने एक महिला को झुलसी हालत में चीखते-चिल्लाते देखा। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और महिला को उपचार के लिए मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया।



महिला करीब 65 से 70 फीसदी झुलसी हुई थी। सोमवार रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान आरंग-समोदा निवासी राजकुमारी साहू (35) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह करीब पांच साल पहले पति से अलग हो गई थी। इसके बाद वह बोरियाकला क्षेत्र में शदाणी दरबार के आसपास अकेली रहकर घरेलू काम करके अपना जीवनयापन कर रही थी। एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा के मुताबिक, राजकुमारी और वीरू के बीच शादी से पहले प्रेम संबंध था। घटना वाली रात वीरू ने ही उसे मिलने के लिए बुलाया था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कथित तौर पर पेट्रोल लेकर मौके पर पहुंचा था। पुलिस को आशंका है कि इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ और महिला पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। जांच में यह जानकारी भी सामने आई है कि वर्ष 2021 में आरोपी वीरू आरंग के मोखला गांव पहुंचा था, जहां उसने कथित तौर पर राजकुमारी की सास पर टंगिये से हमला किया था। पुलिस अब इस पुराने मामले और वर्तमान घटना के बीच संबंधों की भी जांच कर रही है।

## नुआखाई समृद्ध कृषि परंपरा, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और अन्नदाता के परिश्रम का उत्सवः साय

### मुख्यमंत्री ने नुआखाई पर्व की दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**रायपुर, 15 सितंबर ( हाईवे चैनल )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई फसल के स्वागत और प्रकृति के अनुपम उपहार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाले पावन पर्व नुआखाई के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अन्नदाता किसानों की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और सभी परिवारों की खुशहाली की मंगलकामना की है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नुआखाई समृद्ध कृषि संस्कृति और लोक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। नई फसल के आगमन की खुशी में मनाया जाने वाला यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, अन्न के सम्मान और किसान के अथक परिश्रम के प्रति आदर का भाव प्रकट करता है। खेतों में उपजी नई फसल केवल किसान की मेहनत का प्रतिफल नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा और हमारी कृषि प्रधान संस्कृति की समृद्धि का भी प्रतीक है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में खेती-किसानी केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हमारे अनेक पर्व और परंपराएं कृषि चक्र, प्रकृति और लोकजीवन से गहराई से जुड़ी हुई हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नुआखाई अपनी मिट्टी, अपनी जड़ों और अपनी गौरवशाली परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। यह पर्व सामाजिक आत्मीयता, पारिवारिक एकजुटता और आपसी सद्भाव को भी मजबूत करता है। नई फसल की खुशियां जब परिवार और समाज मिलकर साझा करते हैं, तब लोकसंस्कृति और अधिक जीवंत तथा समृद्ध होती है। मुख्यमंत्री साय ने नुआखाई के पावन अवसर पर कामना करते हुए कहा कि प्रकृति की कृपा छत्तीसगढ़ पर सदैव बनी रहे। हमारे किसान साथियों के खेत हरे-भरे और फसलों से लहलहाते रहें, अन्न के भंडार भरें तथा अन्नदाताओं के घर-आंगन में समृद्धि आए। प्रदेश के प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का संचार हो तथा आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव निरंतर मजबूत होता रहे।

## सिर कुचलकर की युवक की हत्या

### कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की

**रायगढ़, 15 सितंबर ( हाईवे चैनल )।** शहर के रामभाठा स्थित पुराने बस डिपो परिसर में हत्या से सनसनी फैल गई, जहां एक युवक की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान धनुर्जय चौहान के रूप में हुई है, जो संजय मैदान क्षेत्र में रहता था। रामभाठा स्थित पुराने बस डिपो परिसर में मंगवार सुबह उसकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। धनुर्जय चौहान की सिर कुचलकर हत्या की गई है।



शुरुआती जांच में हत्या के पीछे नशे के बाद हुए विवाद की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पुराना बस डिपो परिसर लंबे समय से नशेड़ियों के जमावड़े के लिए बदनाम रहा है। पुलिस को आशंका है कि नशे के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा, जिसके बाद युवक पर हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। वारदात में दो से तीन संदिग्धों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि हत्या की असली वजह और आरोपियों की भूमिका जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस के साथ एफएलएल टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच-पड़ताल कर हत्या से जुड़े साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही संदिग्धों की जानकारी जुटा रही है। फिलहाल पुलिस हत्या की वजह, वारदात में शामिल आरोपियों और घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है। मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना है।